तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 23.0° | 29.0° |
| इंदौर | 24.0° | 30.0° |
| जबलपुर | 25.0° | 32.0° |
| ग्वालियर | 25.0° | 37.0° |
| सागर | 24.0° | 29.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल: वर्ष 41 अंक 213, पृष्ठ 12)
आषाढ़, कृष्ण तृतीया संवत् 2083
गुरुवार, 2 जुलाई 2026
कीमत: 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




राजधानी... खाटू श्याम मंदिर बनेगा आस्था और संस्कृति का...


खेल... मेसी और गोल करेंगे, लेकिन मेरा लक्ष्य विश्व कप ...


व्यापार... वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण फ्रांस के चार ...


देश-विदेश... चीन को टक्कर देने की क्षमता रखता है भारत...


### विभागीय सीमाएं समाप्त कर योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के दिए निर्देश

# सरकारी योजनाओं का असर जमीन पर दिखे: प्रधानमंत्री



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और मंत्रालयों के बीच बेहतर समन्वय पर विशेष जोर दिया। सेवा तीर्थ में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि योजनाओं की सफलता का आकलन केवल उनके क्रियान्वयन से नहीं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन में आए वास्तविक परिवर्तन से किया जाना चाहिए। बैठक में दो प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इनमें कारोबार सुगमता एवं जीवन सुगमता के लिए नियमों में सुधार तथा आत्मनिर्भर भारत को प्रोत्साहन देना शामिल रहा। विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों ने इन विषयों से संबंधित उठाए जा रहे कदमों, चुनौतियों तथा भविष्य की कार्ययोजना की जानकारी प्रधानमंत्री को दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी विभागों को समग्र शासन की अवधारणा के अनुरूप कार्य करना चाहिए और विभागीय सीमाओं से बाहर निकलकर आपसी समन्वय के साथ योजनाओं को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंत्रालयों के बीच बेहतर तालमेल से सरकारी कार्य अधिक प्रभावी होंगे और निर्णय प्रक्रिया भी सुदृढ़ बनेगी।

प्रधानमंत्री ने पीएम गतिशक्ति मंच के व्यापक उपयोग पर भी बल देते हुए कहा कि यह विभिन्न मंत्रालयों के बीच समन्वय स्थापित करने तथा तथ्य आधारित निर्णय लेने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों से शासन व्यवस्था और योजनाओं के क्रियान्वयन पर निरंतर ध्यान बनाए रखने तथा जनकेंद्रित योजनाओं में किसी प्रकार की ढिलाई या विलंब नहीं होने देने के निर्देश दिए। बैठक में भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की भी समीक्षा की गई। वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न मंत्रालयों में चल रहे संरचनात्मक सुधारों और निर्धारित समयसीमा के भीतर उन्हें लागू करने की प्रगति से भी प्रधानमंत्री को अवगत कराया।

**संस्कृत सुभाषित...**

प्रधानमंत्री ने एक संस्कृत सुभाषित साझा करते हुए कहा कि विवेकशील बुद्धि और अनुशासित मन व्यक्ति को जीवन के सर्वोच्च लक्ष्य तक पहुंचाते हैं। डिजिटल भारत के 11 वर्षों की सफलता ने देश को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है।

## जापान की प्रधानमंत्री तीन दिवसीय भारत दौरे पर

**व्यापार, निवेश और रक्षा सहयोग पर होगी चर्चा**



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर बुधवार शाम नई दिल्ली पहुंचीं। प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा है। उनका स्वागत केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने किया। वह 2 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगी। शिखर वार्ता में दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की समीक्षा की जाएगी। बैठक में आर्थिक सुरक्षा, निवेश, व्यापार, अर्धचालक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिज तथा सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखला जैसे विषयों पर सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर रहेगा।जापान की प्रधानमंत्री भारत-जापान उद्योग मंच में भी भाग लेंगी। इस कार्यक्रम में जापान के 150 से अधिक उद्योगपति शामिल होंगे। दोनों देशों के बीच निवेश बढ़ाने तथा औद्योगिक और व्यावसायिक सहयोग को नई दिशा देने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। दोनों देशों के बीच स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा होने की संभावना है। प्रस्ताव लागू होने पर भारतीय रुपये और जापानी येन में सीधे भुगतान की व्यवस्था विकसित की जा सकेगी।

## धान उत्पादक किसानों को भी मिलेगा भावांतर का लाभ

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की घोषणा**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिवनी में आयोजित राज्य स्तरीय धान महोत्सव में घोषणा की कि अब प्रदेश के धान उत्पादक किसानों को भी भावांतर योजना का लाभ मिलेगा। राज्य सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य और बाजार मूल्य के बीच के अंतर की राशि किसानों को उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि ही प्रदेश और देश की खुशहाली का आधार है।

मुख्यमंत्री ने रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रदेश के तीन हजार 941 कोदो-कुटकी उत्पादक किसानों के खातों में एक हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर से दो करोड़ 84 लाख रुपये की बोनस राशि अंतरित की। साथ ही मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत 16 हजार 754 से अधिक श्रमिक परिवारों को 365 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की। सिवनी जिले के लिए 494 करोड़ 16 लाख रुपये की लागत से 629 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया। बालाघाट से सिवनी तक चार लेन सड़क निर्माण, छपारा क्षेत्र में शासकीय महाविद्यालय, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक मिनी स्टेडियम तथा अन्य विकास कार्यों की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में इसी माह समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रस्ताव लाया जाएगा, जबकि जनजातीय समुदाय को इसके दायरे से पृथक रखा जाएगा।

**खेत में उतरकर रोपा धान**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक किसान के खेत में धान रोपकर धान महोत्सव का शुभारंभ किया। मिट्टी और पानी से भरे खेत में मुख्यमंत्री के साथ महिलाओं ने भी धान रोपाई की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे क्षेत्र में मुख्य रूप से सोयाबीन की खेती होती है, धान रोपने का यह मेरा पहला अनुभव है, इस अनुभव ने मुझे असीम प्रसन्नता मिली। अगली बार मैं अपनी धर्मपत्नी को साथ लेकर आऊंगा।

## खास-खबरें

### वेनेजुएला में मृत नाविक के अंग गायब

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** वेनेजुएला में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले उत्तर प्रदेश के देवरिया निवासी भारतीय नाविक राकेश चौहान के परिजनों ने शव से कई आंतरिक अंग गायब होने का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि दोबारा कराए गए शव परीक्षण में शरीर पर 22 टांके मिले तथा मस्तिष्क, हृदय, फेफड़े, यकृत, गुर्दे सहित कई अंग नहीं मिले। परिवार के अनुसार, राकेश की 8 मई को जहाज पर गिरने के बाद मृत्यु हुई थी। कंपनी ने उपचार के दौरान हृदयाघात से मौत होने की जानकारी दी थी। मामले को लेकर परिजनों ने गंभीर सवाल उठाए हैं।

### ईरान ने प्रमुख नेताओं को दिया न्यौता

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी:** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पवन खेड़ा और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद पीडीपी प्रमुख चीफ महबूबा मुफ्ती, जैन संत और अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक आचार्य लोकेश मुनि को ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण मिला है। यह कार्यक्रम 4 और 5 जुलाई को तेहरान में होगा।

### सरकार गिराने की साजिश नाकाम

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** तमिलनाडु में अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम ने राज्य सरकार को गिराने की कथित साजिश का दावा किया है। पार्टी के अनुसार, 15 विधायकों से एक साथ इस्तीफा दिलाने के लिए प्रत्येक को 35 करोड़ रुपये की रिश्वत देने की कोशिश की गई। ऊथंगुरै से विधायक डॉ. एन. इलैयाराजा ने भी रिश्वत की पेशकश का आरोप लगाया है। शिकायत के बाद पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## बस और ट्रेलर की भीषण टक्कर के बाद लगी आग में 8 की मौत

**ऋषिकेश से इंदौर आ रही थी बस, मृतकों में छह यात्री मप्र के**



**नईदुनिया ब्यूरो, दौसा:** राजस्थान के दौसा जिले में बस और ट्रेलर की भीषण टक्कर के बाद लगी आग में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 21 यात्री घायल हो गए। मृतकों में छह लोगों की पहचान के लिए डीएनए जांच कराई जाएगी। दुर्घटना कोलवा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात हुई। पुलिस के अनुसार बस ऋषिकेश से इंदौर जा रही थी और उसमें मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के लगभग 40 यात्री सवार थे। मृतकों में ड्राइवर रामोवतार व कंडेक्टर कुलदीप के अलावा छह यात्रीभूमि, निर्मला इंदौर, प्रियंका, दीपक खरगौन, देवेंद्र सीहोर व धर्मसिंह झाबुआ शामिल हैं। टक्कर के बाद बस में भीषण आग लग गई, जिससे कई यात्री भीतर ही फंस गए। आग इतनी तेजी से फैली कि राहत एवं बचाव कार्य में कठिनाई हुई। दोनों वाहन करीब एक घंटे तक जलते रहे। इस दौरान आग के बीच से यात्रियों को बाहर निकाला गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतकों में दो लोगों की मृत्यु सिर में गंभीर चोट लगने से हुई, जबकि छह लोग आग में झुलस गए। इन छह शवों की पहचान डीएनए जांच के बाद ही संभव हो सकेगी। कुछ ग्रामीणों ने दावा किया कि बस की डिक्की में सिगरेट के डिब्बों से भरे कई बक्से रखे हुए थे, जिससे आग अधिक भड़क गई। स्थानीय विधायक दीनदयाल बैरवा ने दावा किया कि बस का आपातकालीन द्वार समय पर नहीं खुलने के कारण कई यात्री बाहर नहीं निकल सके।

## ‘रामराज्य कोष’ लिखा व क्यूआर कोड लगा संदूक बरामद

**नईदुनिया ब्यूरो, अयोध्या:** राममंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण की जांच में पुलिस को नया सुराग मिला है। जेल में बंद आरोपी अविनाश शुक्ला के अयोध्या स्थित योग केंद्र से पुलिस ने एक संदूक बरामद किया है, जिस पर लाल रंग से ‘रामराज्य कोष’ लिखा हुआ था। संदूक पर भुगतान के लिए क्यूआर कोड भी लगा मिला है। 28 जून को हुई पुलिस छापेमारी का वीडियो बुधवार को सामने आया।

**महंत की तबीयत खराब:** इस बीच राममंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज की तबीयत खराब होने पर उन्हें लखनऊ के मेदांता चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। उन्हें सांस लेने में तकलीफ और मूत्र संक्रमण की शिकायत बताई गई है।

## भारत-पाक संबंध सुधारने 117 हस्तियों ने लिखा पत्र

**पीएम मोदी और शहबाज शरीफ से संवाद बहाल कर शांति एवं सहयोग का वातावरण बनाने की अपील**

**नई दिल्ली/इस्लामाबाद, एजेंसी:** भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में सुधार की पहल करते हुए दोनों देशों की 117 प्रमुख हस्तियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को संयुक्त पत्र भेजा है। पत्र में दोनों देशों से टकराव का मार्ग छोड़कर संवाद को पुन: शुरू करने तथा दक्षिण एशिया में शांति, स्थिरता और विकास का वातावरण बनाने की अपील की गई है।

पत्र पर भारत की 61 तथा पाकिस्तान की 56 प्रमुख हस्तियों के हस्ताक्षर हैं। इनमें पूर्व अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल हैं। भारत की ओर से फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और राज्यसभा सदस्य मनोज झा सहित कई प्रमुख व्यक्तियों ने हस्ताक्षर किए हैं, जबकि पाकिस्तान की ओर से पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी समेत अनेक हस्तियां इस पहल में शामिल हुई हैं।

पत्र में दोनों देशों के बीच औपचारिक वार्ता फिर से शुरू करने, जम्मू-कश्मीर सहित सभी विवादित विषयों पर बातचीत, सीमाओं पर सैन्य तनाव कम करने, खेल प्रतियोगिताएं पुन: आरंभ करने, हवाई सेवाएं बहाल करने, वीजा प्रक्रिया सरल बनाने, उच्चायुक्तों की नियुक्ति, बस सेवाओं तथा सीमावर्ती मार्गों को फिर से खोलने की मांगें रखी हैं।

## वॉट्सएप के नए सुविधा विकल्प की होगी जांच

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने वॉट्सएप के नए उपयोगकर्ता नाम सुविधा विकल्प की जांच करने का निर्णय लिया है। सरकार का मानना है कि इस सुविधा के माध्यम से मोबाइल नंबर साझा किए बिना बातचीत संभव होने से पहचान छिपाकर साइबर ठगी और धोखाधड़ी की आशंका बढ़ सकती है। मेटा ने अपने त्वरित संदेश सेवा मंच पर यह नया विकल्प उपलब्ध कराया है, जिसमें उपयोगकर्ता केवल उपयोगकर्ता नाम के माध्यम से नए लोगों से संपर्क कर सकेंगे। अधिकारियों के अनुसार, सरकार इस सुविधा के सुरक्षा मानकों की विस्तृत समीक्षा करेगी। भारत में वॉट्सएप के 50 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं।

**राहत** *पासपोर्ट शुल्क और बिना टिकट यात्रा पर जुर्माना बढ़ा...*

## *जुलाई से लागू हुए कई बदलाव, गैस-पेट्रोल के दाम घटे*

***नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली :*** *एक जुलाई से देशभर में आमजन से जुड़े आठ महत्वपूर्ण बदलाव लागू हो गए हैं। इनमें वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी, पासपोर्ट शुल्क में वृद्धि, बिना टिकट रेल यात्रा पर जुर्माना बढ़ाना, आधार में ईमेल पता नि:शुल्क अद्यतन करने की सुविधा तथा वाहन कीमतों में बढ़ोतरी जैसे निर्णय शामिल हैं।*

*तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में औसतन 180 रुपये की कटौती की है। दिल्ली में इसकी नई कीमत 2,930 रुपये हो गई है। घरेलू 14 किलोग्राम गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इस कटौती से भोजनालयों, खानपान सेवाओं तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को राहत मिलने की उम्मीद है।*

*नायरा एनर्जी ने पेट्रोल की कीमत में 5 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल की कीमत में 3 रुपये प्रति लीटर की कमी की है। वहीं, पेट्रोल पंपों पर एक वाहन में प्रतिदिन केवल 200 लीटर डीजल भरवाने की सीमा भी समाप्त कर दी गई है। अब वाहन मालिक और बड़े उपभोक्ता अपनी आवश्यकता के अनुसार डीजल खरीद सकेंगे।*

*केंद्र सरकार ने पासपोर्ट शुल्क में भी वृद्धि की है। सामान्य 36 पृष्ठों वाले पासपोर्ट का शुल्क 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दिया गया है। इसी प्रकार तत्काल तथा 60 पृष्ठों वाले पासपोर्ट के शुल्क में भी बढ़ोतरी लागू हो गई है।*

*रेल मंत्रालय ने बिना टिकट यात्रा करने पर न्यूनतम जुर्माना 250 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया है। अब पकड़े जाने पर यात्री को वास्तविक किराए के साथ कम से कम 500 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। गंभीर मामलों में न्यायालय के आदेश पर कारावास अथवा अतिरिक्त जुर्माने का भी प्रावधान रहेगा।*

*भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने 31 दिसंबर 2026 तक आधार में ईमेल पता अद्यतन कराने की सुविधा नि:शुल्क कर दी है। इसके लिए पहले 75 रुपये का शुल्क देना पड़ता था।*

*इसके अलावा हवाई ईंधन की कीमत में 5 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है, जिससे हवाई यात्रा किराए में राहत मिलने की संभावना है। दूसरी ओर प्रमुख वाहन निर्माताओं ने एक जुलाई से अपने वाहनों की कीमतों में वृद्धि लागू कर दी है, जिससे नई कार खरीदने वाले ग्राहकों को पहले की तुलना में अधिक राशि चुकानी होगी।*


BANSAL GROUP OF INSTITUTES
BHOPAL | INDORE | MANDIDEEP

**Bansal Institute of Science and Technology**
Kokta, Anand Nagar, Raisen Road, Bhopal (M.P.) – 462021

Advertisement for

**JUNIOR RESEARCH FELLOW (JRF) – 01**

Position in the Department of Computer Science and Engineering

Applications are invited from motivated and eligible candidates for the above position in a research project funded by MPCST Bhopal, entitled:

“**KisanShield-FL:** Federated Learning Driven Privacy-Secured Intelligent Mobile System for Crop Disease Prediction and Farmer Advisory”

**Principal Investigator**
**Dr. Kailash Patidar**
Associate Professor & HoD, Department of CSE

**Co-Principal Investigator**
**Dr. Damodar Tiwari**
Professor, Department of Computer Science and Engineering
**Dr. Anshu Tiwari**
Associate Professor, Department of Computer Science and Engineering

**ELIGIBILITY CRITERIA**

**ESSENTIAL QUALIFICATIONS:**
First-class M.E./M.Tech/B.E./B.Tech in Computer Science and Engineering, Information Technology, Artificial Intelligence & Machine Learning, Data Science, or related disciplines. Preference will be given to candidates having a valid **GATE** score in the relevant area.

**DESIRABLE QUALIFICATIONS:**
Candidates having knowledge and practical experience in the following areas will be preferred:
- Machine Learning and Deep Learning algorithms
- Federated Learning and Privacy-Preserving AI Techniques
- Python, Java, C and C++ Programming
- Mobile Application Development
- Data Analytics and Cloud Computing
- Image Processing and Crop Disease Detection Techniques
- Knowledge of TensorFlow, PyTorch, OpenCV, or related AI frameworks

**FELLOWSHIP:**
**INR 20,000/-** per month

**DURATION:**
The initial appointment is for one year, which may be extended for an additional year based on satisfactory performance and continuation of the project.

**HOW TO APPLY**
Interested candidates are requested to send their updated Curriculum Vitae (CV) along with self-attested copies of all supporting documents, including educational qualifications, experience certificates, publications, and **GATE scorecard** (if applicable), through email to:
**k.patidar@bistbpl.in** | **swatihr@bistbpl.in**

**LAST DATE OF APPLICATION:**
Applications must be submitted within **10 days** from the date of advertisement.

**NOTE:**
- Only shortlisted candidates will be informed regarding the interview process.
- No TA/DA will be provided for attending the interview.
- The position is purely temporary and co-terminus with the project.

*Inspiring Innovation. Building Futures.*